कार्यवृत्त

[संक्षिप्त कार्य-विवरण]

मंगलवार, 21 माघ, शक संवत् 1947
(10 फरवरी, 2026 ई0)

खण्ड-531
अंक-02

विधान सभा का कार्य सभा-मण्डप, लखनऊ में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ।

मुख्य मंत्री ने वर्तमान विधान सभा के सदस्य प्रो0 श्याम बिहारी लाल एवं श्री विजय सिंह के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये।

नेता, विरोधी दल (श्री माता प्रसाद पाण्डेय), नेता, अपना दल (श्री राम निवास वर्मा), नेता, राष्ट्रीय लोक दल (श्री राजपाल सिंह बालियान), नेता, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी (श्री ओम प्रकाश राजभर), सदस्य, निषाद पार्टी (श्री अनिल त्रिपाठी), नेता, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना') तथा सदस्य, जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक (श्री विनोद सरोज) ने भी अपने-अपने दल की ओर से शोकोद्गार व्यक्त किये।

श्री अध्यक्ष ने सदन की भावनाओं से अपने को सम्बद्ध करते हुए कहा कि सदन में व्यक्त की गयी संवेदनाओं को शोक संतप्त परिवार तक पहुंचा दिया जाएगा।

दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए।

तदुपरान्त सदन का उपवेशन पूर्वाह्न 11 बजकर 31 मिनट पर अगले दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

स्वीकृत,
सतीश महाना,
अध्यक्ष,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 225 विधान सभा (373)-12-02-2026-50 प्रतियां (कम्प्यूटर)।